11 ट

# माननीय प्रबन्ध परिषद की दशम् बैठक दिनांक 24.09.2007 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की दशम् बैठक दिनांक 24.09.2007 को प्रातः 11.30 बजे गोमती होटल, लखनऊ के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई ।

माननीय प्रबन्ध परिषद की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डा0 एम0पी0 यादव, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2 | श्री मनोज कुमार , प्रमुख सचिव (कृषि शिक्षा एवं अनुसंधन ) उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 3 | श्री ओम प्रकाश शर्मा, सदस्य विधान परिषद | सदस्य |
| 4 | श्री रणबीर सिंह चिकारा, प्रगति शील कृषक | सदस्य |
| 5 | श्री अनिल कुमार यादव , लाइव स्टाक ब्रीडर | सदस्य |
| 6 | श्री के0 बी0 सिंह , कृषि निदेशक , कृषि निदेशालय,लखनऊ | सदस्य |
| 7 | श्री ज्ञान सिंह, मण्डलीय अपर निदेशक पेंशन एवं कोषागार, मेरठ | सदस्य |
| 8 | श्री हरे नारायण शुक्ल, वित्त नियन्त्रक | सचिव |

माननीय प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए माननीय कुलपति जी / अध्यक्ष ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की ।

मा0 विधान परिषद सदस्य श्री पंचानन राय के आकस्मिक निधन पर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए मा0प्रबन्ध परिषद के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

**संकल्प सं0 1 माननीय प्रबन्ध परिषद की नवम् बैठक दिनांक 09.06.2007 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद की नवम् बैठक दिनांक 09.06.2007 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।

**संकल्प सं0 2 माननीय प्रबन्ध परिषद की नवम् बैठक दिनांक 09.06.2007 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद की नवम् बैठक दिनांक 09.06.2007 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या को अवलोकित किया गया ।

**संकल्प सं0 3 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2007 में काउन्सिलिंग में भाग लेने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को पारिश्रमिक के सम्बन्ध में एजेन्डा का अनुमोदन ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए इसे स्टेयरिंग कमेटी में पुनः निर्णय लिये जाने हेतु प्रेषित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई ।

(कार्यवाही– कुल सचिव)

26/9/07

**संकल्प सं0 4 कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के विभिन्न विभागों में अधिनियम के अन्तर्गत नियमों/ परिनियमों में दी गई व्यवस्थानुसार विभागाध्यक्ष का कार्य एवं दायित्व सम्पादित करने के सम्बन्ध में ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों ने यह जानना चाहा कि क्या शिक्षकों /प्राध्यपकों की वरिष्ठता सूची निर्विवाद रूप से बनी हुई है । यदि बनी हुई है तो उसे परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाय और उसके पश्चात प्रस्तावित व्यवस्था लागू की जा सकती है ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 05 कैरियर एडवान्समेंट स्कीम के अन्तर्गत शैक्षणिक प्रोन्नतियों सम्बन्धी चयन समिति के संस्तुतियों के बन्द लिफाफे (गोपनीय)खोलने के सम्बन्ध में**

प्रबन्ध परिषद द्वारा शासनादेश सं0 290/12–8–2000–400(43)/99 ए दिनांक 07.02.2000 के क्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के नोटिफीकेशन सं0 21(10)/ 99–per IV कदिनांक 06.12.2002 के अनुरूप गठित चयन समिति की संस्तुतियों के अनुसार निम्नांकित शिक्षकों को कैरियर एडवान्समेंट स्कीम के अंतर्गत पदनाम एवं वेतनमान अनुमन्यता की तिथि से प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

| क्र0 स0 | शिक्षक का नाम | विभाग | वर्तमान पदनाम | प्रोन्नत पदनाम | प्रोन्नत वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ई0बी0आर सिंह | कृषि अभियन्त्रण | सह प्राध्यापक (कृषि अभियन्त्रण एवं खाद्य प्रौद्योगिकी ) | प्राध्यापक (कृषि अभियन्त्रण एवं खाद्य प्रौद्योगिकी) | 16400–22400 |
| 2 | डा0 संतोष कुमार सचान | कीट विज्ञान | सह निदेशक , प्रसार (कीट विज्ञान ) | प्राध्यापक ,कीट विज्ञान | 16400–22400 |
| 3 | डा0 जे0 यादव | पशु विज्ञान विभाग | वरिष्ठ शोध अधिकारी | प्राध्यापक (पशु विज्ञान) | 16400–22400 |
| 4 | डा0 बाबू राम | उद्यान विभाग | सह निदेशक ,प्रसार(उद्यान ) | प्राध्यापक (उद्यान विज्ञान) | 16400–22400 |
| 5 | डा0 ए0एस0 चौधरी | उद्यान विभाग | सह निदेशक प्रसार (उद्यान) | प्राध्यापक (उद्यान विज्ञान) | 16400–22400 |
| 6 | डा0 आर0आर0 सिंह | मृदा विज्ञान विभाग | सह निदेशक , प्रसार(मृदा विज्ञान) | प्राध्यापक (मृदा विज्ञान) | 16400–22400 |
| 7 | डा0 आई0पी0 सिंह | उद्यान विभाग | सह निदेशक , प्रसार (उद्यान) | प्राध्यापक (उद्यान विज्ञान) | 16400–22400 |
| 8 | डा0 सत्यप्रकाश | उद्यान विभाग | वरिष्ठ शोध अधिकारी | प्राध्यापक , उद्यान (प्रसार) | 16400–22400 |
| 9 | डा0 आर0 के0 सिंह | उद्यान विभाग | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | सह निदेशक उद्यान (प्रसार) | 12000–18300 |
| 10 | डा0 बलराज सिंह | उद्यान विभाग ( एग्रो फोरेस्ट्री) | विषय वस्तु विशेषज्ञ (एग्रोफोरेस्ट्री) | सह निदेशक , कृषि वानिकी (प्रसार) | 12000–18300 |
| 11 | ड0 ए0 के0 कटियार | मृदा विज्ञान विभाग | विषय वस्तु विशेषज्ञ(मृदा विज्ञान) | सह निदेशक , मृदा विज्ञान (प्रसार) | 12000–18300 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | ई0 बी0डी0 त्रिपाठी | कृषि अभियन्त्रण | विषय वस्तु विशेषज्ञ(कृषि अभियन्त्रण ) | सह निदेशक कृषि अभियन्त्रण (प्रसार) | 12000—18300 |
| 13 | ई0 माधवेन्द्र सिंह | कृषि अभियन्त्रण | विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियन्त्रण ) | सह निदेशक , कृषि अभियन्त्रण (प्रसार) | 12000—18300 |
| 14 | ई0 एन0 सी0 गुप्ता | कृषि अभियन्त्रण | विषय वस्तु विशेषज्ञ(कृषि अभियन्त्रण ) | सह निदेशक, कृषि अभियन्त्रण (प्रसार) | 12000—18300 |
| 15 | डा0 (श्रीमती) रीता | गृह विज्ञान विभाग | विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान ) | सह निदेशक , गृह विज्ञान (प्रसार) | 12000—18300 |

(कार्यवाही— मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 06 शासन द्वारा स्वीकृत शैक्षणिक पदों के विरूद्ध नियुक्तियों (गोपनीय) के सम्बन्ध में ।**

इस सम्बन्ध में मा0 सदस्य श्री ओम प्रकाश शर्मा जी द्वारा यह बताया गया कि उनके द्वारा प्रस्तावित नियुक्तियों के विरूद्ध शिकायती पत्र महामहिम कुलाधिपति को प्रेषित किया है । प्रमुख सचिव जी ने यह जानना चाहा कि इस शिकायती पत्र में क्या बिन्दु हैं ? इसके सम्बन्ध में मा0 सदस्य श्री शर्मा जी द्वरा यह बताया गया कि उस पत्र की प्रतिलिपि उनके द्वारा श्री मनोज कुमार ,प्रमुख सचिव (कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान) को उपलब्ध करा दी जायेगी । अग्रेत्तर विचार—विर्मश में मा0 सदस्यों ने यह जानना चाहा कि नियुक्तियों के सम्बन्ध में जो विवरण मॉगा गया था वह उन्हें पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं कराया गया है । मा0 सदस्यों ने यह जानना चाहा कि विभिन्न पदों के लिए जितने अभ्यार्थियों ने आवेदन किये है उनकी सूची उपलब्ध करायी जाय । साथ ही इन अभ्यार्थियों में से जिन अभ्यार्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया गया हो उनकी सूची तथा जिन अभ्यार्थियों को साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाया गया उनकी सूची साक्षात्कार में न बुलाये जाने के कारणों का उल्लेख करते हुए उपलब्ध करायी जाय । प्रमुख सचिव ,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि वांछित सूचना माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराते हुए माननीय प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक यथा शीघ्र बुलायी जाय जिससे नियुक्तियों सम्बन्धी लिफाफे खुलवाने की कार्यवाही की जा सके ।

(कार्यवाही— मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 07 अनियमित रूप से दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम संचालित करने व इसके माध्यम से भ्रष्टाचार करने के दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यावाही करने के सम्बन्ध में ।**

अनियमित रूप से दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में प्रस्ताव पर विचार करते हुए माननीय सदस्यों ने यह मत व्यक्त किया कि श्री जी0 पटनायक तत्कालीन प्रमुख सचिव ,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान द्वारा की गयी जॉच की रिर्पोट की अनुपलब्धा में इस पर विचार किया जाना और निर्णय लिया जाना उपयुक्त न होगा । प्रमुख सचिव ,कृषि शिक्षा अनुसंधान द्वारा जॉच आख्या की प्रति शीघ्र उपलब्ध कराये जाने हेतु उप सचिव श्री राज कुमार सिंह जो कि बैठक के समय उपस्थित थे को निर्देशित किया । माननीय सदस्यों के मतानुसार जॉच आख्या प्राप्त होने के उपरान्त प्रस्ताव पर समग्रत्ता से विचार किया जा सकेगा ।

(कार्यवाही— निदेशक दूरस्थ शिक्षा / सहा0 कुल सचिव (विधिक)

26/9/07

**संकल्प सं0 08 कृषि विज्ञान केन्द्रो में कार्यरत प्रक्षेत्र प्रबन्धकों को प्रक्षेत्र कार्य भत्ता दिये जाने विषयक**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रस्ताव पर विचार का कोई औचित्य नहीं पाया और इसे अस्वीकृत किया गया ।

**संकल्प सं0 09 अमर सिंह पी0जी0 कालेज लखावटी के तत्वाधान में संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यरत 16 स्टाफ का विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों में संविलियन**

इस सम्बन्ध में विचार के बाद माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रस्ताव पर यह निर्णय लिया गया कि जिन 16 कर्मियों का संविलियन इस विश्वविद्यालय में जिन पदों पर प्रस्तावित है उनकी शैक्षिक योग्यता की स्क्रीनिंग कमेटी के माध्यम से पूरी जॉच कराकर उपयुक्त/ पात्र स्टाफ के संविलियन का प्रस्ताव पुनः प्रस्तुत किया जाय ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी / निदेशक प्रसार)

उपर्युक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर ,मेरठ और कृषि विज्ञान केन्द्र बघरा ,मुजफ्फरनगर पर कार्यरत कर्मियों को दिनांक 01.07.1998 के सविलियन से पूर्व की सेवा (एन0जी0ओ0 में कार्यभार ग्रहण की तिथि से) को जोड़ते हुए अनुमन्य लाभ देने के सम्बन्ध में दो प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये । कुलपति महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि इनके सम्बन्ध में प्रकरण शासन को पूर्व में आवश्यक दिशा–निर्देश हेतु प्रेषित किया गया है । प्रबन्ध परिषद द्वारा शासन से प्राप्त दिशा–निर्देश के अनुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**उपरोक्त के अतिरिक्त माननीय सदस्य श्री रनवीर सिंह चिकारा ने विश्वविद्यालय को जाने वाले सम्पर्क मार्ग को चौड़ा कराये जाने का सुझाव दिया जिसका सभी सदस्यों ने सहर्ष अनुमोदन किया। उनका यह सुझाव अत्यधिक स्वागत योग्य है । राज मार्ग से विश्वविद्यालय को जोड़ने वाली सड़क जो वर्तमान में अत्यन्त संकरी है उसे चौड़ा कराये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जाय तथा आवश्यकतानुसार प्रस्ताव माननीय प्रबन्ध परिषद की बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया ।**

**(कार्यवाही– प्रभारी अधिकारी निर्माण )**

**माननीय सदस्य श्री रनवीर सिंह चिकारा ने कुल सचिव से मुख्य कार्मिक अधिकारी का कार्य लिये जाने का प्रस्ताव किया जिसका समर्थन माननीय सदस्य श्री ओम प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया । इस प्रस्ताव पर विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जाय ।**

**(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )**

26/9/17

अन्त में माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई ।

(हरे नारायण शुक्ल)
वित्त नियन्त्रक/सचिव, प्रबन्ध परिषद

अनुमोदित

(एम0पी0 यादव)
कुलपति/अध्यक्ष, प्रबन्ध परिषद